खबर संक्षेप

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में 16 वें रक्तदान शिविर का होगा आयोजन



**मण्डला।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में 25 अप्रैल शुक्रवार को विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है,सतगुरु माता सुदीक्षा जी का उपदेश है कि इंसान का खून इंसान के काम आए, प्रतिवर्ष की भांति यह शिविर संत निरंकारी भवन बिंझिया में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है, संस्था के सदस्यों ने इस नेक पहल में अधिक से अधिक नागरिकों से इस शिविर में शामिल होकर रक्तदान में सहभागी बनने की अपील की है, ज्ञात होवे कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा मानवता की सेवा के लिए समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त यूनिट किसी जरूरत मंद के काम आ सके, इसी श्रृंखला में रक्तदान शिविर के एक दिन पहले 24 अप्रैल को शाम 5 बजे जागरूकता वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई नागरिकों को रक्तदान के लिए जागरुकता संदेश देगी एवं रक्तदान करने की लिए प्रेरित करेगी।

## विभाग बना अनजान, जांच की उठ रही मांग

# शासकीय स्कूल पर हो रहा बेखौफ कब्जा

* विभाग के अधिकारी सिर्फ भ्रष्टाचार में हैं लगे।


हरिभूमि न्यूज मण्डला



लालीपुर चौराहे स्थित एक बंद प्राथमिक शाला भवन पर बेखौफ तरीके से अतिक्रमण कर लिया गया है। कभी बच्चों के पढ़ाई, खेल और प्रार्थना स्थल रहे इस भवन के मुख्य द्वार पर अवैध रूप से कब्जा कर वहां गेट और सीटें लगा दी गई हैं। अब स्थिति यह है कि शासकीय भवन में प्रवेश के लिए पहले कब्जाधारी से अनुमति लेनी पड़ती है।

जानकारी अनुसार यह भवन वर्तमान में जिला शिक्षा केंद्र के अधीन है और विभागीय जानकारी के अनुसार इसे गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा है। बताया जाता है कि तकनीकी कारणों से यह शाला कुछ वर्ष पूर्व बंद कर दी गई थी। लेकिन विभाग की अनदेखी का लाभ उठाकर अब यह भवन निजी स्वार्थ का केंद्र बन गया है। कुछ लोगों का कहना है कि उक्त जगह मंदिर ट्रस्ट की है, जिससे कब्जा करने वाला खरीद कर वहां निर्माण कार्य कराया है, अब दो प्रकार के सवालों का जबाब जांच उपरांत ही मिल सकता है।

इस मामले में जब एसडीईओ से चर्चा की गई तो उन्होंने कब्जे की जानकारी से अनभिज्ञता जताई और कहा कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। सवाल यह उठता है कि यदि विभाग सतर्क होता तो यह कब्जा संभव ही नहीं था।



वर्तमान में शहर में आंगनबाड़ी केंद्र सहित कई शासकीय कार्यालयों के लिए भवनों की आवश्यकता है। यदि यह भवन ऐसे किसी कार्य को सौंप दिया जाता, तो आज यह स्थिति न बनती।

यह मामला न केवल विभागीय लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग कितने गंभीर हैं। अब देखना यह है कि विभाग अवैध कब्जा हटाने में कितनी तत्परता दिखाता है या इसे भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

### इनका कहना है-

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, जांच उपरांत मामला सही पाए जाने पर कब्जा हटाने की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।*

***-बीईओ, मण्डला,***

## लकड़ी के कटर से बुरी तरह घायल व्यक्ति का सफल ऑपरेशन



* डॉक्टरों की तत्परता से हुई मरीज की जीवनरक्षा।

हरिभूमि न्यूज मण्डला

जिला चिकित्सालय मण्डला में आज सुबह एक गंभीर घटना सामने आई, जिसमें श्रीराम वार्ड निवासी 33 वर्षीय श्री प्रवीण उसराठे लकड़ी के कटर से बुरी तरह घायल हो गए। कटर से उनका चेहरा, होंठ से लेकर माथे तक बुरी तरह कट गया था और उनकी नाक पूरी तरह से कट चुकी थी। गंभीर हालत में मरीज को तत्काल जिला चिकित्सालय मण्डला के केज्यूअलटी विभाग में लाया गया, जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉ. शिवम पटैल ने उनका उपचार शुरू किया। चेहरे की गंभीर विकृति को देखते हुए, डॉ. पटैल ने तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया और मरीज को ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। डॉ. शिवम पटैल और डॉ. हेमेन्द्र चौहान की कुशल चिकित्सा और तत्परता के परिणामस्वरूप जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और मरीज के बुरी तरह से विकृत चेहरे को पुनः ठीक कर दिया गया। डॉक्टरों की त्वरित कार्यवाही और समर्पित प्रयासों से मरीज की जान बचाई जा सकी। जिला चिकित्सालय मण्डला में चिकित्सकों द्वारा लगातार चुनौतीपूर्ण चिकित्सा कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा रहा है। इस सफल ऑपरेशन में डॉ. हेमेन्द्र चौहान, डॉ. शिवम पटैल, नर्सिंग ऑफिसर श्री दीपक चौहान, नर्सिंग ऑफिसर श्री कलसिंह मच्छार और वार्डबॉय श्री सुकल सिंह का विशेष योगदान रहा।

## सिमरन साहू यूपीएससी परीक्षा में चयनित



**भुआबिछिया।** शहडोल निवासी श्रीमती छाया शरद साहू की बेटी कुमारी सिमरन साहू का UPSC परीक्षा में चयनित हुई प्रीलिम्स मेंस और साक्षात्कार सभी में परीक्षा पास की है सिमरन ने पूरी पढ़ाई घर पर ही की है ज्ञातव्य है कि सिमरन साहू ने शहडोल के पंडित शंभू दयाल शुक्ल विश्वविद्यालय से स्नातक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था आप नगर की बेटी श्रीमती छाया शरद साहू की बेटी है और शिव कुमार कृष्ण कुमार राजेन्द्र कुमार साहू की भान्जी है।

# अध्यक्ष जनपद पंचायत बीजाडांडी बनी रहेंगी पद में उच्च न्यायालय से राहत

हरिभूमि न्यूज मण्डला

बीते माह जनपद पंचायत अध्यक्ष बीजादांडी श्रीमति करिश्मा राजेन्द्र पट्टा के खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था जिसको लेकर श्रीमति करिश्मा राजेन्द्र पट्टा ने उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण ली थी उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे जबावदारों पर आरोप थे कि उन्होंने आविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरती है। जनपद पंचायत बीजादांडी में सदन कक्ष होने के बाद भी 65 किमी दूर जिला मुख्यालय जनपद सदस्यों को बुलाया गया। जिनके बिना प्रस्ताव के हाथ उठवाकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। इसी के साथ अविश्वास प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई। जिसको लेकर जनपद अध्यक्ष ने सवाल खड़े किए थे लेकिन जिला स्तर एवं कमिश्नर कार्यालय से राहत न मिलने पर उच्च न्यायालय की शरण ली गई। जहां से जनपद पंचायत बीजादांडी की जनपद अध्यक्ष श्रीमति करिश्मा राजेन्द्र पट्टा को उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थागन आदेश मिल गया है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में



डब्लूपी संख्या 13574/2025 श्रीमती करिश्म राजेंद्र पुट्टा को दिनांक 21 अप्रैल 2025 संजय कुमार अग्रवाल वरिष्ठ अधिवक्ता तथा मोहित नायक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता। मुकुंद अग्रवाल राज्य के शासकीय अधिवक्ता याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अविश्वास प्रस्ताव दिनांक 06.03.2025 को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता ने प्रस्तुत किया कि 1994 के नियमों का पालन नहीं किया गया है। कोई गुप्त मतदान नहीं हुआ। कार्यवाही को बंद कमरे में रिकॉर्ड किया गया तथा हाथ उठाकर मतदान किया गया। प्रतिवादियों को सात कार्य दिवसों के भीतर प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी करें। नोटिस चार सप्ताह के भीतर वापस किए जाने योग्य बनाए जाएं। दिनांक 06.03.2025 का संकल्प अगली सुनवाई की तारीख तक स्थगित रहेगा। राज्य की ओर से उपस्थित सरकारी अधिवक्ता को कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग मंगाने का निर्देश दिया जाता है। इस मामले को चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जाएगा। इस संबंध में जनपद सदस्य राजेन्द्र पट्टा ने बताया कि जनपद पंचायत बीजादांडी में 12 जनपद सदस्य हैं जिसमें से 9 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कहीं थी इसकी पूरी प्रक्रिया जिला योजना भवन मंडला में सम्पन्न हुई जिसमें अनेक तरह की त्रुटि की गई थी। जिसकी शिकायत कमिश्नर कार्यालय जबलपुर की गई थी जहां से राहत न मिलने के बाद उच्च न्यायालय की शरण ली गई उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यस्थल पर किसी टीम की सफलता केवल एक व्यक्ति के कार्यों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास पर निर्भर करती है। प्रत्येक टीम के सदस्य द्वारा की गई कड़ी मेहनत और समर्पण को स्वीकार करना और उसकी सराहना करना महत्वपूर्ण है।

## समग्र ई-केवाईसी की गति तेज करें-कलेक्टर

* अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समग्र ई-केवाईसी, फूड ई-केवाईसी, जल गंगा संवर्धन अभियान, नरवाई प्रबंधन, जल जीवन मिशन तथा सीएम डेशबोर्ड संबंधी विषयों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समग्र ई-केवाईसी की वर्तमान प्रगति संतोषजनक नहीं है इसकी गति तेज करें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि इसके लिए दैनिक आधार पर निकायवार लक्ष्य तय करें और प्रतिदिन उसकी समीक्षा करें। इसी तरह फूड ई-केवाईसी के लिए भी शेष बचे हुए परिवारों की ई-केवाईसी आगामी एक सप्ताह में पूर्ण करें। प्रतिदिन की अनुविभागवार प्रगति से जिले को अवगत कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्य में जनपद पंचायत के अतिरिक्त पीएचई, राजस्व तथा अन्य संबंधित विभाग गतिविधियों में तेजी लाएं। जहां भी जल भूमि पर अतिक्रमण आदि हो उसे तत्काल मुक्त कराएं। नरवाई प्रबंधन के विषय में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सेटेलाईट मैपिंग के माध्यम से चिन्हित सभी घटनाओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि ग्राम खड़देवरा तथा सिलगी में कृषि चौपाल का आयोजन कर कृषकों को नरवाई प्रबंधन के विषय में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस तरह की कोई भी घटना न हो इसके लिए पटवारी-कोटवार ग्राम में लोगों को जागरूक करें। आवश्यकतानुसार मुनादि भी करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। कहीं पर भी पेयजल के संबंध में संकट की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही करें। इस तरह की समस्याओं का अनुविभाग स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**अभियान** | खेत तालाब और परकोलेशन टैंक के माध्यम से संचय करें वर्षा जल।

# मलपठार में जल संवर्धन पर हुई पानी चौपाल

* नर्मदा घाटों की भी की जा रही सफाई।

हरिभूमि न्यूज मण्डला



सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट जनपद पंचायत मंडला अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्सीपार के ग्राम मलपठार में मंगलवार को जल संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर केंद्रित 'पानी चौपाल' कार्यकम में शामिल हुए। उन्होंने जल बचाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया, जिसमें डकवेल रिचार्ज और अन्य पारंपरिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। सीईओ जिला पंचायत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत खेत तालाब और परकोलेशन टैंक के माध्यम से वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर, बावड़ी जीर्णोद्धार और नए कूपों के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मनरेगा अधिकारी श्रीमती ऋतु तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंडला विनोद भरावी, सहायक यंत्री आदित्य पाण्डेय, एपीओ और क्षेत्रीय उपयंत्री सहित संबंधित सचिव, जीआरएस उपस्थित थे। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) की टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



### पवित्र सूर्यकुण्ड धाम पर नर्मदा घाट की श्रमदान से की गई साफ-सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सकवाह के सूर्यकुण्ड धाम नर्मदा जी के घाट में श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया किया। इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जल हमारे जीवन के लिए अभिन्न और महत्वपूर्ण है। यह हमारे शरीर के ऊर्जा स्त्रोत, स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार है। जल के बिना हम न तो जीवित रह सकते हैं और न ही कोई जीवनरूपी रचना अस्तित्व में आ सकती है। विकासखण्ड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नवांकुर संस्था महिष्मति एकल नारी अधिकार मंच, नवांकुर संस्था प्रवाहिनी समिति, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की परामर्शदाता एवं बीएसडब्ल्यू-एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने श्रमदान किया।

## जल संरक्षण आज की चुनौती, कल की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज मण्डला



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बीएसडब्लू/एमएसडब्लू के छात्र छात्राओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प राज्य सरकार की अनूठी पहल पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड समन्वयक संतोष झारिया के मार्गदर्शन में नर्मदा जी के संगम घाट महाराजपुर में श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के विकास खंड समन्वयक संतोष झारिया ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जल संरक्षण का मतलब है, पानी का बुद्धिमानी से इस्तेमाल करना और बर्बादी को कम करना, यह एक सीमित संसाधन को बचाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का तरीका है, जल संरक्षण से जल की कमी से बचा जा सकता है, साथ ही उन्होंने यह भी संदेश दिया कि नल को इस्तेमाल के बाद बंद कर देना चाहिए, शॉवर का इस्तेमाल करना चाहिए, वाटर बट का इस्तेमाल करके बारिश का पानी इकट्ठा करें, शौचालय में पानी डालने के लिए खारे पानी या बरसाती पानी का इस्तेमाल करें, फॉसेट एरेटर्स का इस्तेमाल करें, सब्ज़ियों और फलों को धोने के पानी का इस्तेमाल बगीचे में करें, पानी की बोतल में बचा पानी पौधों को सींचने में इस्तेमाल करें, तालाबों, नदियों, या समुद्र में कूड़ा न फेंकें। बीएसडब्लू के छात्र संतोष कछवाहा ने कहा कि जल की प्रत्येक बूँद हमारे लिए कीमती है। इसे बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। औद्योगिकीकरण एवं शहरीकरण के कारण कुओं तथा तालाबों में लगातार कमी होती जा रही है और भूमिगत जल का स्तर गिर रहा है जो भविष्य में जल संकट का कारण बन सकती है। अतः जल संकट से बचने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है, साथ ही उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जन अभियान परिषद बी एस डब्लू छात्रा कीर्ति तिवारी ने बताया की राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत आज संगम घाट में बीएसडब्लू/एमएसडब्लू के छात्र छात्राओं के द्वारा साफ-सफाई की गई और उन्होंने कहा की जितना जरूरी जल संरक्षण है उतना ही जरूरी जल श्रोतों की साफ सफाई भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएसडब्लू/एमएसडब्लू के संतोष कछवाहा, कीर्ति तिवारी, राहुल गायकवाड, विजेंद्र रजक, देवेंद्र शुक्ला, रिचा शुक्ला, निर्जला उइके, कंचन कसार, तृप्ति शुक्ला, रेणुका परमार इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भौरझिर - खुलरी सिहोरा रोड़: अपने निर्माण के चंद सावन देखने के पहले ही सड़क के बीचों बीच निकल रही दरारों में झाड़ियाँ



हरिभूमि न्यूज/खुलरी।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब क्षेत्र में किसी बड़ी सौगात मिलती है तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की मेहनत का ही परिणाम होता है। मगर जब उस सौगात का निर्माण कार्य होने के दौरान उसमे गुणवत्ता को दर किनार करते हुये गफलबाजी की जाने के दौरान जिम्मेदारों की चुप्पी निश्चित तौर से उसके द्वारा की गई सारी मेहनत पर पानी फिरने में देर नही लगाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय करोड़ो की लागत से चंद वर्ष पहले निर्मित हुई क्षेत्र के लिंगा से कुसमी सगौरिया होते हुये भौरझिर, खुलरी से सिहोरा सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य के दौरान जो सच्चाई देखने मिली है उसके चलते जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा गफलत बाजी बरती गई है उसका हाल ऐसा बनते हुये देखा जा रहा है कि सही मायाने में देखा जावे तो अभी तक इस सीमेन्ट सड़क का कार्य पूरा भी नही हो पाया है और सड़क पर जहां तहां से निकल रही दरारो के साथ साथ टूटती हुई सड़क अपनी गुणवत्ता की सच्चाई को खुद ही उजागर करने से नही चूक रही है...? बताया जाता है किग्रामीणों की सुविधा का ध्यान में रखते हुये करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क की जब क्षेत्रवासियों के लिये सौगात मिली थी तो निश्चित तौर से क्षेत्र के लोग फूले नही समा रहे थें कि अब क्षेत्रवासियों को लम्बे समय तक सड़क की परेशानी से निजात मिल जाबेगी। मगर यह सोच क्षेत्र के लोगों के लिये एक सपना ही साबित होने से नही चूक पाई तथा हाल ही में निर्मित हुई सड़क जिस प्रकार से जहां तहां से टूटते हुये अपनी गुणवत्ता कहानी बता रही है । इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई जांच न होना निश्चित तौर से इस बात का संकेत देते हुये जान पड़ रहा है कि शायद अब इस गफलत बाजी के खेल में अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों की भी भागीदारी हो चुकी है..? क्योंकि जिस तरह करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस गुणवत्ता का अपनाते हुये कार्य शुरू किया गया तो शुरूआती तौर से ही मीडिया द्वारा आवाज उठाना शुरू कर दिया गया था। मगर इसके बाद भी ध्यान नही जिये जाने का परिणाम है कि करोड़ो की लागत से बनी यह सड़क गफलतबाजी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाई है। इस ओर किसी भी तरह से न तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया गया था और न ही क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा जिसका परिणाम इस तरह से देखने मिला कि इस सीमेन्ट सड़क का निर्माण होते ही जहां जहां से सड़क को टूटते हुये देखे जाने के कारण उसकी गुणवत्ता उजागर होने लगी है। इस प्रकार से हाल ही में निर्मित हुई इस सीमेन्ट सड़क के जहां तहां से टूटने की सच्चाई को लेकर समय समय पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर करते हुये जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाते हुये सड़क निर्माण के गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर किया गया था। मगर शायद उनके द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अब निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा अपनी सच्चाई को छुपाने की सोच रखते हुये आये दिन सड़क पर निकल रही दरारों की लीपा पोती करते हुये देखा जा रहा है? तो दूसरी ओर सड़क को लेकर हैरत की बात यह देखने मिल रही है कि इस तरह करोड़ो की राशि से निर्मित होने जा रही इस सीमेन्ट सड़क जिस प्रकार से अपने निर्माण के चंद दिवस के उपरांत यानि की अभी निर्माण कार्य सही रूप से पूर्ण भी नही हो पाया और सड़क का जहां तहां से टूटना शुरू हो चुका है उसको लेकर न तो संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर हर बात की गारंटी का भरोसा दिलाने वाले पेहरेदारों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसके चलते निश्चित तौर से क्षेत्र के लिये मिली करोडो की सौगात गफलतबाजी के भेंट चढ़े जाने के बाद भी आज तक किसी अधिकारी द्वारा इसकी जांच करना भी उचित नही समझा गया है और परिणाम है कि सड़क लगाता टूटते चली जा रही है। बताया जाता है की सड़क के बीचों बीच निकल रही दरारो के बीच मे जहां झाड़ियाँ पैदा होते हुये दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर सड़क के बीचों बीच निकल रही इन दरारों में आये दिन दो पहिया वाहन दुर्घटना का शिकार होते हुये देखे जाना आमबात होने लगी है। इस तरह क्षेत्र के विकास के नाम पर अधिकारियों की अनदेखी के चलते शासकीय धन की होली खेली गई है उसको लेकर हर भरोसे की गारंटी देने वाले पेहरेदारों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है।

## खबर संक्षेप

### विकास खंड शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया डोंगरे ने

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। कहने के लिये तो दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा ब्लाक के नाम से जाना पहचाना जाता है। मगर इसकी सच्चाई सिर्फ कागजों पर ही देखने मिलती है। क्योंकि ब्लाक स्तर के अनेक शासकीय कार्यालय गाडरवारा शहर से संचालित होते हुये देखे जाते है..? मुख्य रूप से शिक्षा विभाग का हाल तो बीते हुये कई वर्षों से इस तरह बना हुआ है कि मानों ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय यहां पर है कि नही.., सिर्फ कागजों पर ही ब्लाक सांईखेड़ा के नाम चल रहा है? क्योंकि शिक्षा विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारी सांईखेड़ा का रूख करने की जगह जहां ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को गाडरवारा से संचालित करते हुये देखे जाते है। क्योंकि उच्च स्तर से आशीर्वाद प्राप्त होने का परिणाम है कि इस विभाग में अनेक अधिकारी गाडरवारा के निवासी होने के चलते जब उनकी मर्जी होती है तो वह कार्यालय पहुंच जाते है और जब मर्जी होती है वह अपने घर की ओर रूख करने में पीछे नही रहते है.., इतना ही नही जिन अधिकारियों को बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिये वह इस समय राजनीति में अधिक मग्न देखे जा रहे है..? जबकि नियम के अनुसार तो ब्लाक स्तर का कार्यालय ब्लाक मुख्यालय से ही संचालित होना चाहिये..। मगर इसके बाद भी यह कार्यालय जिस प्रकार से गाडरवारा शहर से संचालित होते हुये देखा जाता है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..?

### सांईखेड़ा-गाडरवारा मार्ग पर निकले गये गड्डे वाहन चालकों के लिये बजा रही मौत का सायरन

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। कहने के लिये तो सांईखेड़ा से गाडरवारा की ओर जाने वाला यह मार्ग प्रदेश के नक्से में प्रदेश स्तरीय मार्ग के रूप में दर्जा प्राप्त किये हुये है। मगर इस मार्ग पर निकल रहे गड्डे निश्चित तौर से संपूर्ण भारत वर्ष में इस मार्ग पर निकले हुये गड्डे क्षेत्र का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। क्योंकि प्रदेश स्तरीय मार्ग होने के चलते यह मार्ग प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर को सीधे प्रदेश की राजधानी भोपाल से जोड़ता है।


### महिला सहित पति के साथ की गई मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वही की निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर का आंगन लीप रही थी उसी दौरान पडौस में ही रहने वाली मुन्ने कहार शराब के नशें में आकर घर के सामने गंदी गंदी गालिया बक रहा था। जब प्रार्थिया द्वारा इस तरह घर के सामने गंदी गाली बकने से मना किया तो आरोपी द्वारा महिला को गंदी गंदी गालिया देते हुये हाथ मरोड कर चोटे पहुई। वही जब प्रार्थिया का पति आया और अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने से रोकने पर आरोपी द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई।

### खेत की मेढ़ पर माटी लाड़ने की बात पर देवरानी व जेठानी से की मारपीट

गाडरवारा। ग्राम झांझनखेडा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी जेठानी के साथ खेत की मेड पर माटी डाल रही थी। उसी दौरान ग्राम झांझनखेडा ही निवासी पपलेश कौरव तथा राजेन्द्र कौरव आये और बेले की खेत की मेड़ पर माटी क्यों डाल रही हो। इस बात पर प्रार्थिया द्वारा बोला की हम तो हमारे ही खेत की मेड़ पर डाल रहे है। इसी बात को लेकर पपलेश व राजेन्द्र द्वारा एक राय होकर दोनो महिलाओं के साथ मारपीट करते हुये बाल झांझोड दिये तथा गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## युवक के पास से पुलिस ने जप्त किया देशी कट्टा सहित जिन्दा कारतूस



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब भी पुलिस द्वारा निर्धारित समय के लिये मुहिम छेड़ी जाती है तो उस दौरान आरोपियों के पास से मादक पदार्थो सहित अवैध हथियार पकड़ने में सफलताये हासिल की जाती है। मगर इसके बाद पकड़ने जाने वाले हथियारों को लेकर इस बात का पता नही चल पाता है कि जिन लोगों के पास इस तरह अवैध हथियार पकड़े जाते है वह यह हथियार लेकर कहा से आते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस फिर देखने मिली है। बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में सभी थानों में संघन गस्त करते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखने में कोई कसर नही छोड़ी जा रह है। वही जिला पुलिस अधीक्षक से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित उप पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में रात के समय अचानक पहुंचते हुये जहां गस्तों को चेक किया जा रहा है। इसके चलते थाना प्रभारियों द्वारा रात्री कालीन गस्त से लेकर दिन के समय में अपनी अपनी बीटों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के साथ साथ लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा एक युवक के पास से देशी कट्टा सहित जिन्दा कारतूस के साथ पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में बताया जाता है कि जब पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी उसी दौरान मुखिबर सूचना के आधार पर एक युवक को पकड़ते हुये जब पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम कमोद पिता लाल साहब गुर्जर उम्र 42 साल निवासी ग्राम ढिगसरा बताया गया। वही आरोपी की तलाशी लेने के दौरान पुलिस को इस युवक के पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा सहित जिन्दा कारतूस पाये जाने के चलते पुलिस ने आरोपी के पास से देशी कट्टा व कारतूस जप्त करते हुये धारा 25/27 (1) आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है।

## विश्व पृथ्वी दिवस मनाते हुये बसुरिया में आयोजित हुई जल संगोष्ठी, गाडरवारा में निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विश्व पृथ्वी दिवस पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद चीचली की नवांकुर संस्था हरदौल, जन सेवा समिति बसुरिया द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के उद्धेश्य से ग्राम पंचायत बसुरिया में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। बताया जाता है कि इसके उपरांत जल संरचनाओं का निर्माण कर जल स्रोतों की साफ- सफाई की गई। वही जल संगोष्ठी के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान हम सभी को एक साथ जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करने की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ी को जल सहजता से उपलब्धत हो सके। आज हम जल को सद्धुपयोग करेंगे तो कल हमें सहजता से पानी उपलब्ध होगा। हमें पुरानी जल संरचनाओं को भी सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। आज हम सब विश्व पृथ्वी दिवस मना रहे हैं,।

## अभियान के तहत पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर छापा मार कार्यवाही के चलते अनेक जुआरी व सटोरियों को पकड़ने में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



जुंआ सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये तीस दिनों के अंदर अलग अलग स्थानों पर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार की गई छापेमार कार्यवाही में अनेक जुआरियों व सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर के आचार्य नगर कालोनी में चल रहे जुंआ फंड पर छापा मारते हुये पुलिस ने मौके पर ग्राम पिठवानी निवासी हल्के पिता इन्जू अहिरवार, ग्राम चिरह कला निवासी सरमन पिता करोडी लाल केवट व ग्राम बरहटा निवासी भोजराज पिता गुलशन ठाकुर को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से 52 पत्ते सहित नगदी 2250 रूपया नगदी जप्त किये। इसी प्रकार से नगर के कुईया मुहल्ला में भी दशरथ पिता जमना प्रसाद बाल्मीक निवासी नया बस स्टेन्ड, अमित पिता कृशण कुमार विश्नोई निवासी पटैल वार्ड गाडरवारा तथा सोनू पिता ताराचंद कोरी निवासी निरंजन वार्ड को ताश पत्तों पर दांव लगाते हुये पकड़र आरोपियों के पास से ताश सहित नगदी 1650 रूपया नगदी जप्त किये गये। इसी प्रकार से नगर के मवेशी बाजार में छापा डालते हुये मौके पर मनीष पिता भैया साहब निवासी पलोहा, राम गोपाल पिता डालचंद, विजय पिता धबल जाटव निवासी गरधा के पास से भी ताश पत्ता व नगदी 1550 रूपया जप्त किये। वही नगर के आचार्य नगर में भूपेन्द्र पिता महरवान सिंह धाकड निवासी ग्राम बिलगमा उदयपुरा, नरेश पिता कमलेश राजपूत उदयपुरा, रामबाबू पिता धरमदास सोनी निवासी पटैल वार्ड गाडरवारा के पास से भी ताश पत्ता व नगदी 1600 तथा इसी कालोनी में एक अन्य दूसरे स्थान पर गोविंद पिता शंकर लाल कोरी निवासी पटैल वार्ड, महेश पिता गोपाल पटैल निवासी तूमडा, रोहित पिता नर्मदा प्रसाद अहिरवार निवासी डोलाबाबा गाडरवारा के पास से जुंआ खेलते हुये नगदी 1510 रूपया तथा वही नगर के राजेन्द्र डेमीडमेड दुकान के पास शिवम पिता सुरेश वंशकार, बिहारी कुशवाहा पिता रामदयाल कुशवाहा उम्र 32 वर्ष ग्राम सुखा, फिरोज अली पिता मुनवर अली उम्र 40 वर्ष राजीव वार्ड के पास ताश पत्ता सहित नगदी 270 रूपये तथा नगर के पटैल वार्ड में बुद्धा उर्फ राजाराम पिता सिताबी सुभाष वार्ड, ओम प्रकाश पिता बारेलाल साहू ग्राम जमाड़ा, मुकेश पिता विष्णु प्रसाद रजक पटैल वार्ड ताश पत्ता सहित नगदी 1450 जप्त किये गये जप्त किये गये करते हुये पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई। इसी प्रकार से नगर के डोला बाबा विवेकानंद वार्ड में एक युवक को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपना नाम नितिन पिता परषोत्तम साहू उम्र 37 साल निवासी विवेकानंद वार्ड बताया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 290 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से नगर के हनुमान वार्ड में भी पुलिस ने मंगल पिता मुन्ना लाल ठाकुर उम्र 49 साल को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 210 रूपया तो पवन पिता प्रीतम दास यादव उम्र 35 साल कि पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 108 रूपया तथा आकाश पिता हरिसिंह ठाकुर निवासी के पास से सट्टा पट्टी सहित 380 रूपया नगदी तथा नगर के जमाडा रोड पर राजा पिता अशोक नौरिया उम्र 21 साल निवासी स्टेशन रोड गांधी वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 200 रूपया व नगर के माता वार्ड में तुलसीराम पिता रामनाथ छीपा निवासी नरसिंह वार्ड के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी सहित नगदी 410 रूपया तथा नगर के स्टेशन रोड शंख के पास पवन उर्फ टाईगर पिता टाबल सिंह लोधी निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी व नगदी 270 तो नगर के शक्कर नदी के पास डमरूघाटी रोड पर बब्बल उर्फ गिरधारी पिता बद्री प्रसाद कहार निवासी छिडाव घाट के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 250 रूपया तथा नगर के सब्जी बाजार में शकील पिता सुलेमान के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 240 रूपया तथा चीचली तिरहा के पास अजय पिता राजाराम जाटव निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 205 रूपया वही सरदार मुहल्ला में रज्जू उर्फ राजू पिता सुकल प्रसाद धानक निवासी इमलिया के पास से पट्टी सहित नगदी 180 रूपया तथा रेल्वे स्टेशन के पास ओम प्रकाश पिता हेमराज मेहरा निवासी गांधी वार्ड के पास से पट्टी सहित नगदी 300 रूपया व नगर के नये बस स्टेन्ड निर्माणाधीन काम्पलेक्स के पास दशरथ पिता हाकम सैन निवासी ग्राम बोहानी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 100 रूपया तो वृंदावन गार्डन जमाडा रोड पर सरफराज पिता सहफाज खान निवासी बीजासेन वार्ड के पास से पट्टी सहित नगदी 240 रूपया। वही नगर के चुग्गी नाका के पास शैलेन्द्र पिता रामगुलाम राजूपत निवासी शास्त्री वार्ड के पास से सट्टा के कागज सहित नगदी 210 रूपया तो नगर के ओशो धाम के पास आशीष पिता श्याम लाल साहू निरंजन वार्ड के पास से भी पट्टी सहित नगदी 180 रूपया तो नगर के बीटीआई स्कूल के पास अजय पिता राजाराम जाटव निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 1260 रूपया व वही ग्राम आमगांव छोटा में शकील पिता रमेश खा के पास से पट्टी व नगदी 120 रूपया व गांधी वार्ड में गणेश पिता श्रीराम पटैल के पास से पट्टी व नगदी .70 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी में वही के निवासी मोहन पिता नेतराम प्रजापति उम्र 29 साल के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 230 रूपया तथा सिहोरा रेल्वे गेट के पास हरिराम पिता रवि शंकर कहार निवासी सिहोरा को सट्टा पट्टी काटते हुये पकडकर पुलिस ने आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 260 रूपया तथा ग्राम खुलरी में वही के निवासी नारायण पिता बलराम काछी के पास से पट्टी सहित नगदी 210 रूपया तथा ग्राम सिहोरा पंचायत भवन के पास बंसत पिता बैनी प्रसाद जाटव निवासी सिहोरा के पास से 180 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस द्वारा भी नगर के अमाडा रोड पर कैलाश पिता मोहन वर्मा उम्र 42 साल निवासी सालीचौका के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 180 रूपया तथा सालीचौका मंदिर के पास से राजेश उर्फ गुबारा पिता विशाल बंशकार निवासी वार्ड क्रमांक 6 सालीचौका के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी के साथ नगदी 170 रूपया तथा सालीचौका पानी टंकी के पास वही के निवासी अखिलेश पिता गोपी रझर रेला मुहल्ला सालीचौका के पास से सट्टी पट्टी व नगदी 210 रूपया तो सालीचौका बस स्टेन्ड के पास प्रमोद पिता कोमल प्रसाद वंशकार के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 160 रूपया तथा रेलवे स्टेशन के पास सुरेन्द्र पिता श्रीलाल शर्मा निवासी केसला के पास से सट्टा पट्टी लिखने की सामग्री सहित नगदी 160 रूपया तो रेल्वे कालोनी सालीचौका में दीपक उर्फ करन ठाकुर पिता जुझार सिंह निवासी जाईखेड़ा के पास से 220 रूपया नगद व सट्टा पट्टी जप्त करते हुये धारा 4 का जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

## धरपकड़ मुहिम के चलते पुलिस ने अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिनों अलग अलग स्थानों से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के हनुमान वार्ड में दिनेश पिता मान साहू उम्र 25 साल निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर तथा मोनू पिता मुन्ना लाल कौरव उम्र 22 साल निवासी विवेकांनद वार्ड के पास से 5 लीटर व हरीष उर्फ भीम पिता विश्राम ठाकुर निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 5 लीटर तो नगर के राहुल पिता श्याम लाल कहार निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से 5 लीटर व दिनेश पिता मदन साहू उम्र 30 साल निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 5 लीट शराब तथा नगर के माता मुहल्ला में भी एक महिला के पास से 5 लीटर व एमपीईबी कालोनी निवासी जितेन्द्र पिता रमेश चौधरी के पास से 15 लीटर शराब जप्त की गई। कुचबंदिया मुहल्ला में गोलू पिता मोहन धानक निवासी ग्राम घूरपुर के पास से 4 लीटर व छोटे लाल पिता लीलाधर कुशवाहा निवासी जगदीश वार्ड के पास से 3 लीटर तो एक महिला के पास से 5 लीटर तथा बसोडी पिता जवाहर नामक व्यक्ति के पास से 5 लीटर व झलकन पिता तुलसीराम जाटव निवासी डोला बाबा के पास से 4 व नेमचंद पिता हरिराम धानक विवेकानंद वार्ड के पास से 5 लीटर तथा कच्ची शराब एक महिला के पास से 6 लीटर व लालचंद पिता राम रत्न धानक उम्र 50 साल निवासी करेरी ककरा हाल निवासी कुचबंदिया मुहल्ला के पास से 5 लीटर व अलका टाकीज के पास तुलसीदास पिता उद्धी धानक निवासी बीटीआई स्कूल के पास से 3 लीटर व जगदीश वार्ड निवासी विजय पिता कालूराम बंशकार के पस से भी 5 लीटर व राहुल पिता श्याम लाल कहार निवासी रेल्वे स्टेशन के पास से 5 व अमर पिता राजाराम के पास से 15 लीटर तथा लाल साहब पिता चंदन सिंह काछी



कुचबंदिया मुहल्ला में तुलसीदास उर्फ बौरा पिता अजुद्धी धानक के पास से 5 लीटर, भैरव पिता भैया लाल जाटव ग्राम कामती के पास से 4 लीटर। वही मरघटा मुहल्ला में एक महिला के पास से 5 लीटर तो रज्जू उर्फ राजकुमार पिता ओमकार नौरिया निवासी साईधाम कालोनी के पास से 6 लीटर तथा नगर के एक महिला के पास से 6 लीटर व समीपस्थ ग्राम इमालिया में एक महिला के पास से 11 पाव देशी शराब तथा नगर के पलोटन गंज में प्रकाश पिता श्याम मांग निवासी रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के पास से 5 लीटर व नगर के सुभाष वार्ड में विनोद पिता भागचंद ठाकुर के पास से 5 लीटर तो ग्राम सीरेगांव में मनोहर पिता बच्चूराम कौरव निवासी सीरेगांव के पास से 6 लीटर व नगर के कुईया मुहल्ला में सुनील राजपूत के पास से 5 लीटर तो शक्कर नदी पुल के पास राजेन्द्र पिता श्याम लाल पचौरी निवासी ग्राम चिर्रिया के पास से 16 पाव देशी व 9 पाव मसला शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम डुगारिया में हल्के पिता सुन्दरलाल नामक व्यक्ति के पास से भी पुलिस ने 20 पाव तथा ग्राम सांवरी तिरहा के पास अनिल पिता मुन्ना लाल अहिरवार उम्र 26 साल निवासी ग्राम आंडेगांव के पास से 12 पाव देशी प्लेन तथा ग्राम डुगारिया में वही के निवासी साहब लाल पिता कन्छेदी लाल ठाकुर उम्र 45 साल के पास से 15 पाव देशी व बसुरिया रोड पर गोविंद पिता मोहन सिंह वर्मा के पास से 3 लीटर तथा ग्राम बराझ में वही के निवासी राघवेन्द्र पिता जंडेल पारधी के पास से 12 पाव देशी प्लेन शराब तथा डांग मुहल्ला सालीचौका में हेमंत पिता छोटे लाल गुप्ता निवासी बैरागढ़ के पास से 5 लीटर कच्ची तथा सहावन में वही के निवासी एक महिला के पास 3 लीटर तथा ग्राम सहावन सोसाईटी के पास कन्हैया लाल पिता हर प्रसाद ठाकुर के पास से 5 लीटर जप्त की गई।

## अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में शांति व्यवस्था बनाये जाने को लेकर नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते हुये दिवस जब पुलिस नगर में पेट्रोलिंग कर रही थी उसी दौरान नगर में शनि मंदिर के पास मबेशी बाजार में एक युवक अपने हाथ में तेज हथियार रखे हुये घुमते हुये पाय जाने पर पुलिस ने युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम संजय पिता सियाराम कहार उम्र 28 साल निवासी डोला बाबा विवेकांनद वार्ड बताया गया। इसी प्रकार से नगर के वायपास जमाडा रोड पर मलाई उर्फ समुद्र पिता सीताराम कोरी निवासी हनुमान वार्ड के पास से भी एक तलवारनुमा हथियार तो गस्त के दौरान पुलिस द्वारा रेलवे ट्रक पुलिया के पास अमित पिता दौलतराम सराठे उम्र 38 साल निवासी भगत सिंह वार्ड के पास से भी एक लोहे का तेज धारदार बका तथा नगर के कांच मंदिर मार्ग पर ग्राम कानहरगांव निवासी सूरज पिता संतोष धानक उम्र 25 साल के पास से तलवानुमा बका तथा जमाडा रोड पर अखिलेश पिता शिव कुमार परासर उम्र 35 साल निवासी कामर्थ वार्ड के पास से भी पुलिस ने एक तेज धारदार हथियार तो नगर के नगर के शासकीय चिकित्सालय रोड पर नवीन उर्फ पटैल पिता मलखान नामक व्यक्ति के पास से बका तथा शिवा उर्फ कूका पता पिता राजू निवासी हनुमान वार्ड के पास से धारदार हथियार व नीरज पिता सुरेश मेहरा के पास से भी बका जप्त किया गया।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा सातवी तक
DPIS
प्रवेश निःशुल्क
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-9039230199, 7224021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

शिवाजी इंटरनेशनल स्कूल
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM | Class - Play group to 10th
व्यवस्थित प्लेग्राउंड एवं एक्टिविटी क्लासेस, सुरक्षित वाहन सुविधा
Do Visit Once Before Getting Your Child Admitted
सांस्कृतिक परिवेश में सुद्रण व आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा
* Abacus Classes for all students
WITH CBSE PATTERN
100% Digital Smart Classes With Smart Teachers
निरंजन वार्ड, आचार्य महल के पास, गाडरवारा जि.नरसिंहपुर मो. 9977414248

**खबर संक्षेप**

## विश्व वसुंधरा दिवस पर हुए विविध आयोजन



**शहपुरा** - मध्यप्रदेश शासन एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भोपल के निर्देशानुसार 22 अप्रैल को विश्व वसुंधरा दिवस का आयोजन किया किया गया इस वर्ष पृथ्वी दिगस वर्ष 2025 का विषय "Our Power, Our Planct (हमारी शक्ति, हमारा रखा गया है। इशी संदर्भ में ईको क्लब विद्यार्थियोंसनजी एवं शिक्षको के द्वारा गतिविधियों का आयोजन किया गया समी इको क्लब शासकीय हायर सेकंडरी शहपुरा प्राचार्य संदीप सोनी के मार्गदर्शन में विद्यालय में स्थित औषधीय फलदार वृक्ष आँवला का क्यु आर कोड ईको क्लब विद्यार्थी प्रशांत झरिया प्रमोद परस्ते भूपेंद्र भवेदी दुर्गेश सिंह तेकाम सालु बनवासी गोपाल सिंह तेकाम द्वारा जनरेट किया गया पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थी शिक्षक रेवा झारिया दीपमानि सिंगरौर ईको क्लब प्रभारी अश्विनी साहू आराधना साहू चित्रा मार्को,अनुपमा रोशनी साहू अर्चना लिल्हारे देवकन शीला धुर्वे वर्षा त्रिपाठी ऋचा गुप्ता निधि सोनी संदीपा साहू समस्त स्टाफ ८ उपस्थित रहा।

## विद्युत चोरी का आरोपी पहुंचा जेल

**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर बनाम रामजनक भरिया में अभियुक्त रामजनक भरिया पिता सुखराम भरिया निवासी ग्राम निगवानी थाना कोतमा जिला अनूपपुर को मंगलवार को कोतमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर शाम 4 बजे माननीय नरेंद्र पटेल विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम के समक्ष पेश किया। जहां अभियुक्त के विरुद्ध धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत 4284 रुपए की विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज है। अभियुक्त को आगामी पेशी 30.04.2025 तक के लिए जेल वारंट बनाकर जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है।

## गाँव-गाँव शहर-शहर हो रहा जल संरचनाओं को सहेजने का कार्य

**अनूपपुर**। राज्य सरकार की पहल पर शुरु हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भूमि जल व वर्षा जल को सहेजने के लिए पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। 30 मार्च से निरन्तर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनसहभागिता से जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य शुरु हुआ है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना से तालाब, बावड़ी, स्टॉप डेम की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। साथ ही जल संग्रहण हेतु नवीन तालाबों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बरतराई तथा खोड़री नंबर 01 में नवीन खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आगामी समय में वर्षा जल का संग्रहण कर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सके।

## हृदय रोग जांच निःशुल्क शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में कल

**अनूपपुर**। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा एस.ई.सी.एल. के प्रोजेक्ट ''धड़कन'' के संयुक्त तत्वाधान में हृदय रोग जांच निःशुल्क शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। शिविर में 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की विशेष हृदय रोग जांच की जाएगी और चयनित बच्चों का मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं धड़कन प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने मोंहदी में रुकवाया बाल-विवाह

**अनूपपुर**। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा विकासखंड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम मोंहदी में परिवारजनों को समझाईश देकर बाल-विवाह को रोका गया।

# हाई स्कूल प्राचीन डिंडौरी में पद और विषय विरुद्ध संलग्नीकरण का खेल, रसूखदार शिक्षक सूची से गायब

डिंडौरी ।


जिले की सरकारी स्कूलों में एक ओर जहां शिक्षक विहीनता शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ रसूखदार शिक्षक अपने जुगाड़ और प्रभाव से व्यवस्था को चकमा देते हुए पद और विषय के विरुद्ध संलग्नीकरण करवाकर नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं।कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा जिले के सभी शासकीय स्कूलों से संलग्न शिक्षकों की सूची मंगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से संलग्नीकरण की विस्तृत जानकारी मांगी गई थी, जिससे रिक्त पदों पर युक्तियुक्त पदस्थापना संभव हो सके। लेकिन इस प्रक्रिया में भी "मैनेजमेंट" और "सांठगांठ" की बू साफ महसूस हो रही है।


### सूची से नाम गायब, नियमों की अनदेखी

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कई शिक्षकों ने बीईओ (विकासखंड शिक्षा अधिकारी) कार्यालय से सांठगांठ कर अपनी जानकारी सूची से ही गायब करवा दी। ये शिक्षक अभी भी उन्हीं स्कूलों में डटे हुए हैं जहाँ पर उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से संलग्न किया गया था।

### प्राचीन डिंडौरी का मामला चर्चा में

जिला मुख्यालय के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडोरी में वर्ष 2018 से एक ऐसा ही मामला लगातार नजर आ रहा है। 21 अगस्त 2018 को सहायक आयुक्त जनजाति विभाग द्वारा गोकुल प्रसाद पतोहिया, जो कि गणित विषय के शिक्षक हैं, को कृषि संकाय पढ़ाने हेतु पद और विषय के विरुद्ध इस विद्यालय में संलग्न किया गया। हैरानी की बात ये है कि उस विद्यालय में पहले से ही गणित विषय का शिक्षक पदस्थ था।इतना ही नहीं, दिनांक 31 अगस्त 2021 को गोकुल पतोहिया ने अपने रसूख का उपयोग करते हुए अपनी पत्नी श्रीमती अंजुलता पतोहिया, जो कि विज्ञान विषय की माध्यमिक शिक्षक हैं और उस समय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा में पदस्थ थीं, उन्हें भी नियमों को ताक पर रखते हुए प्राचीन डिंडोरी विद्यालय में कृषि संकाय के लिए संलग्न करा लिया। आदेश में स्वयं यह स्पष्ट किया गया कि यह संलग्नीकरण विषय के विरुद्ध है।





### ट्रांसफर-पोस्टिंग बना धंधा?

यह मामला इस ओर इशारा करता है कि कुछ अधिकारी संभवतः पैसे लेकर ट्रांसफर और पोस्टिंग को 'दुकान' की तरह चला रहे हैं। जब जिला प्रशासन और विभाग प्रमुख खुद संलग्निकरण और अतिशेष शिक्षकों की सूची मंगाते हैं, तब भी ऐसी सूची में हेराफेरी कर ली जाती है।

### बीईओ कार्यालय की भूमिका संदेह के घेरे में

जानकारी देने के बावजूद संकुल प्राचार्य कार्यालय से प्राप्त आंकड़े बीईओ कार्यालय में जाकर अचानक बदल जाते हैं। सूची से नाम गायब हो जाना यह दर्शाता है कि संलग्नीकरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और कुछ बीईओ खुद भी इन मामलों में 'जुड़े हुए' प्रतीत हो रहे हैं।

### जरूरत है सख्त जांच की

इस पूरे मामले में अब जिला प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह न केवल इन संलग्न शिक्षकों की समीक्षा करे, बल्कि संबंधित अधिकारियों की भी जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। नियम विरुद्ध संलग्नीकरण शिक्षा व्यवस्था को अंदर से खोखला कर रहा है और इसका खामियाज़ा अंततः विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता है।



# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों को दिया गया पोषण का संदेश

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में भी जगाई गई रुचि। पोषण पखवाड़ा के तहत डिण्डोरी जिले के आंगनवाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं, गर्भवती माताओं और बच्चों को संतुलित आहार एवं पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर मंगल दिवस का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित हितग्राहियों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने शरीर के संपूर्ण विकास में पोषक तत्वों की भूमिका, आयरन युक्त आहार की उपयोगिता, और बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन के सरल विकल्पों की जानकारी साझा की। महिलाओं के लिए एक पोषण युक्त व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय खाद्य सामग्री से बने पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। यह प्रदर्शनी न केवल ज्ञानवर्धक रही बल्कि व्यावहारिक रूप से पोषण अपनाने के लिए भी प्रेरित करती दिखी। बच्चों के लिए रंगोली, चित्रकला, स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उन्हें पोषण के प्रति रोचक तरीके से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की भागीदारी उत्साहजनक रही। यह पहल पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, जिसका उद्देश्य पोषण का संदेश हर घर तक पहुँचाना है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

## त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश





### कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त हुए 72 आवेदन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 72 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित जनसुनवाई में धवाडोंगरी के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि तुलसीघाट तक ग्रेवल रोड निर्माण कार्य में विलंब होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने अधूरे पड़े ग्रेवल रोड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने उक्त आवेदन पर कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये और ग्रेवल रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराने को कहा। इसी प्रकार से नगर परिषद डिंडौरी निवासी आवेदक टी.पी. गुप्ता ने बताया कि उनके घर के सामने बारिश के पानी के भराव से गंदगी एवं मच्छरों की समस्या बनी रहती है। नगरपालिका द्वारा नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। उन्होंने निवेदन किया कि नाले का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। ग्राम शर्मापुर निवासी लीला बाई ने इस हेतु आवेदन प्रस्तुत किया कि उनकी भूमि राजमार्ग निर्माण हेतु अधिग्रहित की गई है, परंतु अब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने आग्रह किया कि शीघ्र उचित मुआवजा दिलाया जाए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई जनसुनवाई

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई 15 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया, जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उसके लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई आयोजित होने से आवेदकों को दूर-दराज क्षेत्रों से जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ता, इससे उनके समय और खर्च दोनों की बचत होती है। पंचायतों में प्राप्त आवेदनों को आवश्यकता अनुसार कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर भी भेजा जाता है।

# अमरकंटक संत मंडल की बैठक कल्याण सेवा आश्रम में हुई आयोजित

## प.बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर संत मंडल में दिखी नाराजगी

अमरकंटक।



मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार को कल्याण सेवा आश्रम के पुस्तकालय हाल में स्वामी नर्मदानंद गिरी जी महाराज की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सर्व प्रथम सभी के परिचय बाद मुख्य विषय पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हो रही निर्मम हत्या, लूटमार आदि घटित उपद्रव को असहनीय व्यक्त करते हुए मीडिया के माध्यम से राष्ट्रपति से आग्रह कर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को हटा कर राष्ट्रपति शासन लगा देने की मांग किए, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सरकार का परम कर्तव्य है। बैठक ने दूसरा एक प्रमुख मुद्दा उठाया गया कि अमरकंटक क्षेत्र में धर्मांतरण जैसी बीमारी धीरे धीरे फैलने आशंका जताई जा रही है जिसे संत समाज नाराजगी जताते हुए इस पर प्रशासन को अवगत करते हुए ऐसे लोगों का पर्दाफाश किया जाएगा। तीसरा यह कि वक्फ बोर्ड संशोधन कानून की भूरी भूरी प्रशंसा की है। चौथा यह कि संत मंडल ने आह्वान किया है कि नर्मदा जल में जलकुंभी खूब मात्रा में फैल चुकी है जो ठीक नहीं है जिसे हटाने के लिए प्रशासन के सहयोग साथ हम सभी संतो, नगरवासी इस कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता पर अपना हाट बटायें । पांचवा यह कि अमरकंटक संत मंडल ने कुछ पदाधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाई है जिसमें प्रमुख रूप से एक और पद उपाध्यक्ष हेतु प्रस्तावित किया गया जिसे संत हनुमान दास जी ने स्वामी राजेश आजाद जी का नाम लिया गया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया साथ ही संतो ने एक पद संपर्क प्रमुख का भी आज बैठक में संत सुनील गिरी जी को यह सेवा का सौभाग्य प्रदान दिया गया। इस तरह बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा और भी की गई। यह बैठक कल्याण आश्रम में शाम साढ़े पांच बजे प्रारंभ कर घंटों बैठक चली जिसमें सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने आपने विचार प्रस्तुत किए । बैठक में प्रमुख रूप से स्वामी नर्मदानंद गिरी जी महाराज गीता स्वाध्याय मंदिर, स्वामी लवलीन (सचिव) महाराज परमहंस धारकुंडी आश्रम, स्वामी धर्मानंद जी महाराज (कोषाध्यक्ष) कल्याण सेवा आश्रम, स्वामी राजेश आजाद (उपाध्यक्ष) झूलेलाल मंदिर, स्वामी सुनील गिरी (संपर्क प्रमुख) रुद्र गंगा आश्रम, स्वामी हनुमान दास जी शिव गोपाल आश्रम, संत सुदर्शन गिरी जी महाराज, स्वामी नीलम भगत जी श्री श्री धुना जी आश्रम, मयंक जी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या, मुन्ना लाल पांडेय क्षेत्र धर्माचार्य संपर्क प्रमुख, दिनेश साहू समन्वयक, शिव खैरवार सह समन्वयक, पत्रकार आदि अनेकों की उपस्थिति रही ।

# रुद्र गंगा नदी में किया गया बोरी बंधान

अनूपपुर।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बेलगवां एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाटी के संयुक्त प्रयास से बेलघाट खाटी स्थित रुद्र गंगा नदी में जल संवर्धन अभियान अंतर्गत बोरियों का बोरी बंधान सामूहिक श्रमदान के माध्यम से किया गया। बोरी बंधान से बहते हुए जल के रुकने से भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकेगा और सिंचाई के लिए भी जल उपलब्ध हो सकेगा। यह मिट्टी के कटाव को भी रोकेगा और सूखे से राहत भी देगा। बोरी बंधान से पशु-पक्षियों को भी पानी उपलब्ध होगा। साथ ही बोरी बंधान, जल संरक्षण में मदद करके, पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। बोरी बंधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बेलगवां नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाटी के अध्यक्ष, सीएमसीएलडीपी के परामर्शतदाता, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत खाटी सहित अन्य लोगों ने सामूहिक श्रमदान किया।





## सांसद ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु दिलाई शपथ

### जल जीवन का आधार है- विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को

**अनूपपुर**। सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा है कि किसी भी प्राणी का जीवन प्रकृति, जल एवं वायु के बिना संभव नहीं है। यह सभी, सभी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश एवं जिले भर में एक व्यापक जन-आंदोलन बन चुका है। सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के प्रांगण में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वाटरशेड यात्रा महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि शासन ''खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में'' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सांसद ने कहा कि ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी के प्रयास से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा हो सकेगा, हम सभी इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अपना योगदान निभाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल संरक्षण को हमेशा प्राथमिकता दी है। ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अब जन अभियान बन गया है। अभियान की अवधारणा ''जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन'' पर केन्द्रित है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे है। विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि सभी इस अभियान में सहभागिता निभाएं तथा शासन द्वारा संचालित जल संरचनाओं से संबंधित योजनाओं का लाभ अवश्य लें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जिले के आम जनों को वाटरशेड के माध्यम से खेत तालाब, मत्स्य पालन, सिंचाई हेतु आधुनिक मशीन, खाद, बीज, उर्वरक इत्यादि का वितरण भी प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने दिलाई जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कृषकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई तथा जल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आये 106 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 22 अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्या बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 106 आवेदन आये।

### सांसद व विधायक ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सांसद चौ. दर्शन सिंह व विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकापार में 4.10 किमी 465.35 लाख रुपये लागत की टेकापार से धौखेड़ा मार्ग का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर रामसनेही पाठक, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### आवासीय छात्रावास में प्रवेश प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** वनग्राम एवं दुर्गम क्षेत्र की बसाहट जहां पहुंच मार्ग एवं शिक्षा की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे ग्राम जहां 01 कि.मी. की परिधि में प्राथमिक शिक्षा एवं 03 कि.मी. की परिधि में माध्यमिक विद्यालय उपलब्ध नहीं है ऐसे छात्र जिन्होंने ग्राम में शाला न होने के कारण पढ़ाई छोड़ दी है तथा जो शाला त्यागी, अप्रवेशी, बेघर, बेसहारा, सिंगल पेरेंटस, अनाथ, बस स्टेड रेल्वे स्टेशन पर रहने वाले तथा पन्नी बीनने वाले बच्चें एवं दिव्यांग (अस्थि बाधित विकलांग) बालकों हेतु कक्षा 6 से 8 तक के बालकों हेतु नवीन डाइट भवन स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास नरसिंहपुर में प्रवेश प्रारंभ होने से नौनिहाल के चेहरे खुशी से खिल गए। कमजोर परिस्थिति का हो आसपास शुगर मिल या अन्य मजदूरी करने वाले श्रमिकों के बच्चों को भी प्रवेश दिया जा रहा है।

### 70 हजार के अवैध सागौन के साथ औजार जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस वन विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र करेली के गोवर गांव तिवारी फर्नीचर मार्ट पर छापेमारी कर कार्रवाई की गई। उक्त मार्ट का संचालन हाकम विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है। वन मंडल अधिकारी को मुखबिर से सूचना मिली थी। सर्च वारंट के आधार पर पूरी तलाशी ली गई। यहां से बड़ी मात्रा में अवैध सागौन का स्टॉक बरामद हुआ। अधिकारियों ने करीब 70 हजार रुपए मूल्य की सागौन लकड़ी जब्त की। साथ ही कटर मशीन, वृंदा आरा और अन्य औजार भी जब्त किए गए। एसडीओ गाडरवारा सुनील वर्मा की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। जब्ती के दौरान परिक्षेत्र गाडरवारा और करेली का स्टाफ भी मौजूद रहा। वन विभाग ने मामला दर्ज कर लिया है।

### विश्व पृथ्वी दिवस विविध कार्यक्रम आयोजित

# पर्यावरण को संरक्षित करने की जरूरतः कलेक्टर







**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मंगलवार को विश्व वसुंधरा दिवस पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की मौजूदगी में उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने पक्षियों के लिए जल पात्र- सकोरे लगाये। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, नाटक के माध्यम से जलवायु परिवर्तन आदि के बारे में बताया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने भाषण व चित्रकला आदि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मिशन लाइफ स्टाइल कार्यक्रम की शपथ भी दिलाई गई।

### पर्यावरण को संरक्षित करने की जरूरत

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि बच्चों ने भाषण, पेंटिंग व पोस्टर के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया है। ये सभी विचार हमारे मन में होते हैं। हम सभी को पता है कि पानी का सदुपयोग नहीं हो रहा है और वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। हम सबको मिलकर इसका समाधान करना चाहिये। हमें पर्यावरण के साथ जीना है, अतः इसे संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़- मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। इस वर्ष भी राज्य शासन ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार, नये जल संरचनाओं का निर्माण, संवाद के माध्यम से जल का सदुपयोग करने व दुरूपयोग को रोकने आदि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए चर्चा करें और अपने जीवन में शामिल करें। इसके अलावा हमें बिजली का भी सदुपयोग करना चाहिये।

### विविध विद्यालयों से आए प्रतिभागी

कार्यक्रम में प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय जीएस पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। विश्व वसुंधरा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के अलावा, सीएम राइज स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर ने सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चांवरपाठा विद्यापीठ की छात्रा तृषा कोष्टी प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा आराध्या मालवीय द्वितीय व चांवरा विद्यापीठ की छात्रा प्रमांशी कौरव तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 57 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा समृद्धि नेमा प्रथम, दीक्षा बरकड़े द्वितीय व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा सृष्टि चैरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### विविध प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

विश्व वसुंधरा दिवस पर्यावरण के प्रति चेतना व धरती माता के प्रति संवेदना जागृत करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में चित्रकला, एकांकी, कविता पाठ व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों को समझाया गया कि जीवन - यापन करने के लिए बस एक ही पृथ्वी है हमारे पास ! अतः उसके संसाधनों का उपयोग तो करें पर शोषण कदापि न करें , धरती माता की रक्षा करें। जंगल बचाएं , हरियाली लाएं और पेड़ लगाकर उनकी सेवा करें। इस अवसर पर छात्रा मानसी लोधी , मुस्कान लोधी , रानी लोधी , सुहानी और अंकिता को उनके अप्रतिम प्रस्तुतीकरण के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य विभा दुबे, विक्रम कुमार शर्मा, दिनेश कुमार पटेल, जय कुमार सोनी, रश्मि जाट, रुचि चैरसिया, पी एस राजपूत, अमित दुबे, सीताराम पटेल, शैलेन्द्र झरिया, संजुलता खरे, दुर्गेश साहू, विनोद कहार, वंदना चैरसिया, ऊषा पचोरी, दिनेश पटेल, निशा अग्निहोत्री, रिया सेन और कीर्ति चैधरी की उपस्थिति रही।

### विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

शासकीय विद्यालय बरहटा में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस पर प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के निर्देशन में शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में विश्व वसुंधरा दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विश्व पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष इस समारोह की 55वीं वर्षगांठ मनाई। इस दौरान विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक तरुवर पटेल के मार्गदर्शन में हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम पर भाषण, वादविवाद,प्रश्न मंच ,चित्रकला, रंगोली आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने इनमें अपनी प्रतिभा दिखाई और भाषणों एवं अपने वाचन से पृथ्वी के संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व को बताया और पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं (प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना, दूषित हवा और जल, प्लासिटक का कचरा और पेड़ों की कटाई) के प्रति जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना आदि प्रेरणा दायक बातें संप्रेषित की। कार्यक्रम में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने पुरस्कार देखकर सम्मानित किया और कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह एहसास कराना है कि हमारी हर अचेतन क्रिया, चाहे हम उसे कितना भी महत्वहीन क्यों न समझें, पर्यावरण और ग्रह पृथ्वी पर सीधा प्रभाव डालती है। हम सभी को अपने कार्यों के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार होना चाहिए, और पृथ्वी जीवनदायिनी है, जहां वायु, जल, मिट्टी, सूर्य का प्रकाश और अनुकूल तापमान समेत जीवन जीने के लिए सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य धरती के हो रहे दोहन को रोकना और वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

## जल संगोष्ठी कार्यक्रम में हुए शामिल विधायक श्री नागेश



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक महेन्द्र नागेश गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भामा के ग्राम खुर्सीपार में प्राथमिक शाला में आयोजित जल संगोष्ठी में शामिल हुए। यह जल संगोष्ठी मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। संगोष्ठी में ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया और जल का महत्व बताया। यहां आयोजित जल संगोष्ठी में ग्रामीणों को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। अभियान के दौरान जिले में खेत- तालाब व वर्षा जल को संचय करने के उद्देश्य से विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण, प्राचीन बावड़ियों की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार, जल संरचनाओं की साफ- सफाई आदि कार्य किये जा रहे हैं। इस कार्य में जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और स्वेच्छिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं, वहीं आम नागरिक भी इस कार्य में सहभागी हो रहे हैं।

## सी.एम. राइज स्कूल में विश्व वसुंधरा दिवस आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सी.एम. राइज शासकीय एस.डी.एम.कन्या उ.मा. विद्यालय में 22 अप्रैल 2025 को विश्व वसुंधरा दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्तमान सत्र की निर्धारित थीम हमारी पृथ्वी हमारा ग्रह विषय पर छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला, निबंध तथा नारा लेखन द्वारा वसुंधरा के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी दिवस की 55 वीं वर्षगांठ पर मुख्य अतिथि प्रभात कुमार मिश्रा प्राचार्य सी.एम. राइज शासकीय एस.डी.एम.कन्या उ.मा. विद्यालय नरसिंहपुर द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षा की जानकारी देते हुए प्रकृति से मानव जीवन की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी शिक्षिका श्रीमती माधुरी गर्ग द्वारा किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में शिवांगी नेमा को प्रथम, अक्षत तिवारी को द्वितीय तथा कृष्णा नेमा एवं मिष्ठी जैन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। नारा लेखन में पवन चैधरी को प्रथम, कृष्णा नेमा को द्वितीय तथा आयुष्मान उपाध्याय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध लेखन में षिवांग नेमा को प्रथम, सौम्या जैन को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम में षिक्षक एकांकी मेश्राम, सुषमा सराठे, इमरान खान, श्रुति पटवा सहित समस्त स्टॉफ मेम्बर्स व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण, ग्रामीणों से की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम जामुन- झिरिया, गोरछापर व ग्राम पंचायत कोदरास कला का निरीक्षण। यहां उन्होंने ग्रामवासियों से रूबरू चर्चा कर यहाँ किये जा रहे विकास कार्यों और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उपरोक्त ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कलेक्टर ने यहाँ उपलब्ध पेयजल की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि फिलहाल जल स्तर कम है। जल स्तर को बनाये रखने के लिए खेत तालाब,अमृत सरोवर आदि का निर्माण कराया जा रहा है। डुंगरिया तालाब निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए बताया गया कि अभी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस पर तालाब को पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।





### चिलचिलाती धूप में एक किलोमीटर दूर कालेज पैदल आती जाती है छात्र छात्राएं

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन छात्र छात्राओं को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा निशुल्क उपलब्ध कराने की दिशा में तरह तरह की योजनाएं चला रही है। यहां तक कि विगत वर्ष ही उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले शासकीय महाविद्यालयों में जाने वाले छात्रों को स्थानीय स्तर पर आवागमन की व्यवस्था की गई है लेकिन यह व्यवस्था तेंदूखेड़ा में नहीं है।जिस कारण से यहां के शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं को एक किलोमीटर दूर भरी दोपहरी में भी पैदल आना जाना पड़ रहा है। इस बीच किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है।आटो रिक्शा की कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। जिससे छात्र छात्राएं आवागमन कर सकें।दूरी के मान से शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को आवागमन की व्यवस्था के लिए छात्रों ने मांग की है।

### विश्व वसुंधरा दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर ईको क्लब शासकीय उच्चतर विद्यालय इमझिरा में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें ईको क्लब प्रभारी राकेश पटेल के मार्गदर्शन में विद्यालय में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण और हमारी वसुंधरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# एक देश एक चुनाव को लेकर विचार सभा





### सेवाश्रम सोशल फाउन्डेशन ने महाविद्यालय में रखा आयोजन

**तेंदूखेड़ा ।** विगत दिवस सेवाश्रम सोशल फाऊंडेशन के द्वारा संत मोनी महिला महाविद्यालय में एक देश एक चुनाव को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भाजपा के जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि महाविद्यालय की एवं प्राध्यापक तथा संचालन समीति के सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन और फाऊंडेशन संस्था के प्रमुख महीष मोदी के द्वारा स्वागत की औपचारिकता के साथ कार्यक्रम की पृष्ठभूमि भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को विधायक विश्वनाथ पटेल ने एक देश एक चुनाव की विचार सभा में कहा आजादी के बाद लम्बे समय तक पहले तो देश में सभी चुनाव एक साथ होते थे परंतु बाद में कांग्रेस सरकारों ने धारा 356 का दुरुपयोग कर प्रदेश सरकारों को अस्थिर किया ।अलग अलग समय में अपनी सुविधानुसार चुनाव कराकर सत्ता हासिल करने का प्रयास किया। परंतु हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिये कश्मीर से धारा 370 35A हटा कर एक निशान एक विधान संभव तीन तलाक की समस्या से मुस्लिम बहनों को छुटकारा दिलाया। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुये एक देश एक चुनाव का कानून लागू कर देश को विकास पथ पर आगे ले जाना है । हम सब इस कानून के पक्ष में समर्थन देकर मोदीजी के हाथ मजबूत करना है। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है।

### धन की बर्बादी रोकने एक देश एक चुनाव समय की मांग

भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि लोकसभा विधान समाओं एवं स्थानीय निकायों के बार बार चुनाव होने से नेताओं की रैलियाँ सभायें और प्रचार में बहुत सा समय और धन बरबाद होता है। विकास के कार्य बाधित होते हैं। प्रशासनिक कर्मचारियों अधिकारियों नेताओं पर बहुत दबाव रहता है। राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव में मतदान में भारी अंतर होता है। इस लिए हमारी केन्द्र सरकार मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक देश एक चुनाव की योजना पर आगे बढ़ रही है। हम सबका कर्तव्य है कि इस मिशन में हम सब मोदी जी का साथ देने समर्थन करने का संकल्प लें। इस मिशन को जन जन तक पहुँचाने में भागीदार बनें। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने भी विस्तार से चर्चा करते हुए एक देश एक चुनाव कानून को बल देने समय और धन बर्बादी सहित विभिन्न विन्दुओं को रेखांकित किया। इस अवसर पर संस्था संचालक डां प्रकाश जैन वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल शिवदयाल खैरोनिया डालचंद पटेल पुरुसोतम पटेल अजय जैन सोनू महाराज पार्षद रूपम विश्वकर्मा गुड्डु ठाकुर भारत विकास परिषद के सदस्य रामकुमार ठाकुर गगन अग्रवाल संतोष पटेल लता लोधी पंकज स्वदेशी माखन अग्रवाल मुकेश जैन सहित महाविधालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं कार्यक्रम का संचालन सेवाश्रम सोसल फाउंडेशन के आयोजक महीष मोदी द्वारा किया गया।